# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–01.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में पेश करेंगी आम बजट, मध्यम वर्ग को राहत मिलने की उम्मीद।
- 150 करोड़ की जीएसटी चोरी के मामले में धनबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी, 100 करोड़ के नगद लेन–देन के दस्तावेज बरामद।
- राज्य सरकार का अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार रोकने की पहल, लाभुक अब खुद कर सकेंगे जियो टैग।
- राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दिये कई निर्देश, कहा–सड़क सुरक्षा को छात्रों के सिलेबस में किया जायेगा शामिल।
- हॉकी इंडिया लीग में हैदराबाद तूफांस और श्राची राढ़ बंगाल की टीम फाइनल में, आज होगा खिताबी मुकाबला।

******************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोक सभा में वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट होगा।

******************

इससे पहले वित्त मंत्री ने कल दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण में वित्त वर्ष–2025 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है।

******************

संसद के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के बयान पर राष्ट्रपति भवन ने बयान जारी कर इसे पद की गरिमा को ठेंस पहुंचाना बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे जनजातीय समाज का अपमान बताया है।

इधर, झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति को पुअर लेडी कहना न केवल निंदनीय है बल्कि उनकी सामंतवादी मानसिकता को भी उजागर करता है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी सोनिया गांधी की टिप्पणी को अशोभनीय बताया है।

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इसे आदिवासी समाज का अपमान बताते हुए कांग्रेस से माफी मांगने को कहा है।

******************

150 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी के मामले में जमशेदपुर की डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने धनबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी कर 100 करोड़ के नगद लेनदेन और 25 फर्जी कंपनियों के कागजात जब्त किये हैं। कोयला कारोबारी सौरव सिंघल और उसके सहयोगी शिवम सिंह के घर व दफ्तर से नोट गिनने वाली तीन मशीन समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

******************

राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार रोकने के लिए बड़ी पहल की है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के निर्देश पर अबुआ आवास योजना को लेकर एक एप तैयार किया है। योजना का लाभ लेने के लिए इस एप के माध्यम से लाभुक अपने निर्माणाधीन आवास का जियो टैग खुद कर सकेंगे।

******************

राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा है कि एमवीआई वाहनों को फिटनेस देने में सावधानी बरतें। उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस देने में भी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। वे परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर रांची में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। श्री बिरुआ ने कहा कि सड़क दुर्घटना और ड्राइविंग जैसे विषयों को छात्रों के सिलेबस में शामिल किया जायेगा।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

राज्य सरकार द्वारा बसन्त पंचमी के घोषित अवकाश में परिवर्तन किया गया है। बसंत पंचमी की छुट्टी अब रविवार की जगह पर सोमवार 3 फरवरी को होगी। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

******************

रांची में जैविक खेती की तरफ किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। इस काम में महिलाएं भी पीछे नहीं हैं।

******************

हॉकी इंडिया लीग के फाइनल में आज हैदराबाद तूफान्स का मुकाबला श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। कल राउरकेला में हैदराबाद ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को हराकर फाइनल में जगह बनाई। श्राची राढ बंगाल टाइगर्स की टीम तमिलनाडु ड्रैगन्स को हराकर फाइनल में पहुंची है।

******************

ओलंपिक पदक विजेता बॉक्सर मैरी कॉम कोल इंडिया रांची मैराथन–2025 की ब्रांड एम्बेसडर बनायी गयी हैं। रांची में सीसीएल द्वारा 9 फरवरी को आयोजित होने वाले मैराथन के दौरान राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित मैरी कॉम मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। कोल इंडिया मैराथन के दौरान कुल 10 श्रेणियों में 35 लाख से ज्यादा की पुरस्कार राशि दांव पर होगी, जिसके लिए निबंधन की प्रक्रिया जारी है। निबंधन की आखिरी तारीख दो फरवरी निर्धारित की गयी है। अब तक आठ हजार से ज्यादा लोगों ने अपना निबंधन कराया है।

******************

राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किये गये आर्थिक सर्वेक्षण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– आर्थिक सर्वे: जीडीपी 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत रहेगी, मिडिल क्लास पर आज लक्ष्मी की कृपा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– आर्थिक वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत तक रहने की उम्मीद।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– राष्ट्रपति के सम्मान पर सियासी संग्राम।

दैनिक जागरण लिखता है– गुलियन बैरे सिंड्रोम को लेकर राज्य सरकार अलर्ट, इलाज की विशेष व्यवस्था का निर्देश।

*************